# सतीश सुखेजा दूसरी बार बने चेम्बर अध्यक्ष

## संदीप जैन को दी 239 मतों से शिकस्त, मनोज कटारे महामंत्री पद पर भारी मतों से जीते



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 29 जून. विन्ध्य चेम्बर आफ कामर्स के द्विवार्षिक चुनाव में भारी गहमागहमी के बीच सोमवार को हुई मतों की गिनती के बाद सतीश सुखेजा एक बार फिर अध्यक्ष बनने में कामयाब रहे.उन्होने अपने निकटतम प्रतिद्वदी संदीप जैन को 239 मतों से शिकस्त दी.महामंत्री पद पर मनोज कटारे ने एकतरफा जीत दर्ज कर सभी को काफी पीछे छोड़ दिया.**

गौरतलब है कि चेम्बर चुनाव के लिए रविवार को हुए मतदान के बाद बढ़े मत प्रतिशत ने सभी दावेदारों को चिन्ता में डाल दिया था.कुल 1662 मतदाताओं में से 1586 मतदाताओं ने वोट डालकर सभी की तय गणित को उलझा दिया था.हांलाकि अपनी जीत को लेकर शुरू से पूरी तरह से आश्वास्त श्री सुखेजा को इसके बाद भी यही यकीन था कि उन्हें पर्याप्त वोट मिल रहे हैं.उनकी जीत में कोई दिक्कत नहीं होगी.हालांकि पूरा पैनल जीतने में वह भी सफल नहीं रहे.शेष विजयी प्रत्याशियों में महामंत्री पद मनोज कटारे ने हरीओम गुप्त को भारी मतों से पराजित किया.चेम्बर चुनाव को लेकर सभी की निगाहें लगी हुई थी.सोमवार दोपहर में जब चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता के पी शर्मा के मार्गदर्शन में मतगणना का काम शुरू हुआ तो खासी भीड़ जुडी हुई थी.सुरक्षा के पुख्ता इतजाम के बीच चेम्बर भवन में सबसे पहले मतपेटियों की सील खुली गई.बाद में मतपत्रों की छटाई कर अलग-अलग गड्डी बनाई गई इस दौरान तक लोगों की उत्सुकता चरम पर पहुंच गईथी.सबसे पहले आए अध्यक्ष के परिणाम श्री सुखेजा को 599,संदीप जैन को 360 मनोहर गिडवानी को 319,अशोक अग्रवाल को 287 और राजेश खत्री को 6 मत मिले.इसके अलावा 15 मतों को निरस्त किया गया.

### मनोहर बाधवानी बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष

अन्य पदों पर विजयी प्रत्याशियों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोहर बाधवानी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक जैन, मंत्री मनोज आरोरा सहमंत्री हिमांशु आरोरा एवं कोषाध्यक्ष पद पर अमित अग्रवाल ने जीत दर्ज की.

# ट्रक की टक्कर से एक की मौत, दो फंसे टायरों के बीच

## ट्रक का चालक फरार, घायलों की हालत गंभीर



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 29 जून, सोमवार की सुबह रीवा-मनगवां हाइवे पर नगर निगम के ट्रक ने मोटर साइकल सवार को ठोकर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि मोटर साइकल सवार दूर जा गिरे, एक की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि दो लोग टायरों के बीच बुरी तरह से फस गये. किसी तरह दोनो को बाहर निकाल कर संजय गांधी अस्पताल भेजा गया.**

जानकारी के मुताबिक मोटर साइकल में सवार होकर तीन लोग रायपुर कर्चुलियान से रीवा की ओर आ रहे थे. बायपास में सड़क पार करते समय तेज रफ्तार नगर निगम का कचरा वाहन (ट्रक) ने ठोकर मार दी. ठोकर इतनी तेज थी कि दो ट्रक के टायरों के बीच फस गये, जबकि एक की मौत हो गई. ट्रक के पीछे के पहिये के बीच में दोनो फसे हुए थे. स्थानीय लोग और मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मुश्किल से दोनो को बाहर निकाला. मृतक और घायलो की पहचान नही हो सकी. दोनो घायलों का उपचार संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है. कचरा वाहन को जप्त कर लिया गया है और फरार चल रहे चालक की तलाश जारी है. संजय गांधी अस्पताल के सीएमओ डा0 अलख प्रकाश ने बताया कि दोनो घायलों की हालत गंभीर है. आईसीयू में आक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है. उधर रायपुर कर्चुलियान थाना प्रभारी राजकुमार तिवारी ने बताया कि ट्रक को जप्त कर लिया गया है और चालक की तलाश की जा रही है.

# एनएच-39 पर कोयला लोड ट्रक पलटा

## आग लगने से ट्रक जलकर खाक, चालक सुरक्षित



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली, 29 जून. राष्ट्रीय राजमार्ग-39 पर देवसर क्षेत्र के सजहर खाखन मोड़ के समीप सोमवार देर रात को एक बड़ा हादसा हो गया। कोयला लोड एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के तुरंत बाद ट्रक में भीषण आग लग गई, जिससे देखते ही देखते पूरा वाहन आग की लपटों में घिर गया।**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक पलटने के बाद चालक किसी तरह बाहर निकल आया, जिससे उसकी जान बच गई। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे तथा आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी विकराल थी कि उनके प्रयास सफल नहीं हो सके। कुछ ही देर में पूरा ट्रक जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित विभाग एवं पुलिस को जानकारी दी गई। हादसे के कारण कुछ समय तक मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल रहा। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण ट्रक पलटने के बाद शॉर्ट सर्किट या ईंधन रिसाव या ट्रक में कोयला लोड होने और पलटने के कारण आग लगना बताया जा रहा है फिरहाल आग लगने की सूचना पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अल्ट्राटेक को 3 .33 करोड़ मुआवजा मामले में अंतरिम राहत नहीं

## हाईकोर्ट ने वसूली प्रक्रिया जारी रखने का दिया फैसला

**नवबारत न्यूज**

**मैहर, 29 जून. अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी और भूमिस्वामी सहेश सिंह के बीच बहुचर्चित भूमि मुआवजा विवाद में भूमिस्वामी पक्ष को अंतरिम राहत मिली है। लगभग ?3.33 करोड़ के प्रतिकर से जुड़े मामले में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने अंतरिम सुनवाई के दौरान राजस्व वसूली आरआरसी की प्रक्रिया पर पूर्ण रोक लगाने से इनकार कर दिया है।**

मामले में पहले एसडीएम (राजस्व), फिर कलेक्टर सतना और बाद में कलेक्टर मैहर ने भूमिस्वामी के पक्ष में प्रतिकर निर्धारण के आदेश पारित किए थे। कलेक्टर मैहर ने 25 अगस्त 2025 को कंपनी की अपील खारिज करते हुए एसडीएम के आदेश को बरकरार रखा था। इसके बाद अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी ने इस आदेश को मध्यप्रदेश हाईकोर्ट, जबलपुर में चुनौती दी। बताया जा रहा है कि 22 जून 2026 को हुई अंतरिम सुनवाई में हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि राजस्व वसूली की प्रक्रिया जारी रह सकती है, लेकिन न्यायालय की पूर्व अनुमति के बिना उसका अंतिम निष्पादन नहीं किया जाएगा। विवाद मौजा मोहरवा स्थित भूमि से जुड़ा है, जिसके लिए ?3,33,78,048 की प्रतिकर राशि निर्धारित की गई है। हाईकोर्ट के इस अंतरिम आदेश के बाद वसूली की प्रशासनिक प्रक्रिया जारी रहेगी, जबकि अंतिम भुगतान और मामले का अंतिम निस्तारण न्यायालय के आगामी आदेश पर निर्भर करेगा।

कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार, अंतरिम स्तर पर वसूली प्रक्रिया पर रोक नहीं लगना भूमिस्वामी पक्ष के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वहीं, कंपनी की याचिका पर अंतिम फैसला अभी शेष है।


### मुआवजे के इंतजार में विदा हुए दुनिया से



इस बीच, भूमि विवाद से जुड़े एक अन्य घटनाक्रम में संघर्षरत आदिवासी किसान सहेश सिंह गोंड के निधन के बाद परिजनों ने न्याय मिलने तक अंतिम संस्कार नहीं करने का निर्णय लिया है। परिजनों का आरोप है कि वर्षों तक विभिन्न न्यायालयों से उनके पक्ष में आदेश मिलने के बावजूद उन्हें भूमि का उचित प्रतिफल नहीं मिला। हालांकि, इस संबंध में अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी और जिला प्रशासन का आधिकारिक पक्ष समाचार लिखे जाने तक सामने नहीं आया था।

# इटमा वाटरफाल में सेल्फी लेते समय गहरे पानी में गिरा युवक

▸ एसडीईआरएफ जुटी तलाश में



**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 29 जून, अतरैला थाना अन्तर्गत इटमा वाटर फाल में सेल्फी के दौरान एक युवक का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया.**

इस हादसे के बाद से युवक लापता है और उसकी तलाश में एसडीईआरएफ की टीम सर्च आपरेशन कर रही है. लेकिन शाम तक डूबे हुए युवक का पता नही चल सका. दरअसल तेज बहाव और गहराई के कारण सर्च आपरेशन में दिक्कते आ रही है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक यूपी के बरगढ़ का रहने वाला 21 वर्षीय सोनू खान अपने दोस्तों के साथ इटमा वाटर फाल घूमने आया था. जहा सेल्फी लेने के दौरान अचानक पैर फिसला और गहरे पानी में गिर गया. दरअसल किनारे खड़े होकर मोबाइल से सेल्फी ले रहा था उसी दौरान संतुलन बिगड़ गया और हादसे का शिकार हो गया. पास खड़े उसके दोस्त बचाने के लिये आगे बढ़े तब तक गहरे पानी में सोनू समा चुका था. आनन-फानन पुलिस को सूचना दी गई, हल्ला गुहार सुनकर स्थानीय लोग भी पहुंचे. पहले स्थानीय लोगो की मदद से युवक की तलाश की गई लेकिन कोई सफलता नही मिली. एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंच कर रेस्क्यू शुरू किया है.

सुबह से टीम सर्च कर रही है लेकिन सफलता नही मिली. एसडीईआरएफ के उपनिरीक्षक विकास पाण्डेय ने बताया कि युवक की तलाश की जा रही है . सकरा और दुर्गम रास्ता होने एवं पानी का तेज बहाव के कारण वोट उतारना संभव नही है, इस लिये जवानों द्वारा पानी में उतर कर काम्बिंग सर्चिंग की जा रही है . उधर परिवारजनों का हाल बेहाल है .

# को-ऑपरेटिव के चपरासी ने लगाई फांसी

**सिंगरौली 29 जून।** देवसर स्थित कॉपरेटिव बैंक में कार्यरत चपरासी पप्पू केवट लगभग 50 वर्ष ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।



# सवा किलो अवैध गांजा के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

## थाना कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 29 जून. थाना कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए1.100 किलो अवैध गांजा के साथ महिला तस्कर को गिरफ्तार किया।**

पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक महिला को 1.100 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 29 जून 2026 को थाना कोतवाली पुलिस की टीम वारंटी तलाश एवं अपराधियों की पतासाजी हेतु क्षेत्र में भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान अमहा तिराहा पर मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मड़रिया तिराहा स्थित एक किराना दुकान में एक महिला अवैध रूप से गांजा बिक्री हेतु रखे हुए है। सूचना की तस्दीक एवं वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए पुलिस टीम स्वतंत्र साक्षियों के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर महिला भागने का प्रयास करने लगी, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूंछताछ में उसने अपना नाम श्यामकली साकेत उर्फ चरकी पति बैजनाथ साकेत उम्र 55 वर्ष, निवासी ग्राम पड़रा, थाना जमोड़ी बताया। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों का पालन करते हुए तलाशी की कार्यवाही की गई।

### दुकान के काउन्टर में रखा था गांजा

तलाशी के दौरान दुकान के काउंटर से काली एवं सफेद पन्नियों में रखा 1.100 किलोग्राम अवैध गांजा जिसकी अनुमानित कीमत 11,000 ?है, बरामद कर विधिवत जप्त किया गया। आरोपिया के विरुद्ध थाना कोतवाली में धारा 8/20( बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया। मामले की विवेचना जारी है। कार्यवाही में उनि विवेक द्विवेदी थाना प्रभारी कोतवाली, प्रआर रणबहादुर सिंह, संजय मौर्य, आरक्षक शिवेन्द्र मिश्रा शामिल रहे।

# नशे में पकड़े गए 10 चालक, यातायात पुलिस की कार्रवाई

## नशे में ड्राइविंग पर कड़ा शिकंजा, छ: माह में 100 से अधिक चालकों पर कार्रवाई




**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 29 जून। यातायात पुलिस ने रविवार देर रात विशेष अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की।**

28-29 जून की मध्यरात्रि शहर के प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर औचक चेकिंग के दौरान 10 वाहन चालक शराब के नशे में वाहन चलाते हुए पकड़े गए। सभी का ब्रेथ एनालाइजर एवं मेडिकल परीक्षण कर मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई। साथ ही सभी के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन के लिए प्रकरण संबंधित परिवहन विभाग को भेजे जा रहे हैं। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया कि सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नशे में वाहन चलाकर दूसरों की जान जोखिम में डालने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शराब पीकर वाहन चलाना सड़क हादसों का प्रमुख कारण है और ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

यातायात पुलिस के आंकड़ों के अनुसार जनवरी से जून तक जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले 100 से अधिक वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है। इन मामलों में न्यायालय द्वारा 11 लाख 50 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि शराब का सेवन करने के बाद वाहन चलाने से बचें और स्वयं के साथ-साथ अन्य लोगों के जीवन की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दें।

# एमएसएमई दिवस पर उद्यमी मप्र में एनसीएल की सहभागिता

## राजधानी में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 29 जून। अंतरराष्ट्रीय एमएसएमई दिवस 2026 के अवसर पर एनसीएल ने म.प्र. शासन के एमएसएमई विभाग एवं फिक्की द्वारा भोपाल में आयोजित उद्यमी म.प्र. कार्यक्रम में सहभागिता की।**

कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित वेंडर डेवलपमेंट मीट में एनसीएल की ओर से विपुल राय सहायक प्रबंधक ने भाग लिया। उन्होंने एमएसएमई विक्रेताओं एवं उद्यमियों को एनसीएल की निविदाओं में अधिकाधिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान अनुसूचित जाति-जनजाति स्वामित्व वाले उद्यमों तथा महिला उद्यमियों की सहभागिता बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया।

गौरतलब है कि एनसीएल सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों एमएसई को समावेशी सार्वजनिक खरीद के माध्यम से निरंतर प्रोत्साहित कर रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में कंपनी ने निर्धारित 35 प्रतिशत लक्ष्य के विरुद्ध लगभग 39 प्रतिशत की खरीद एमएसई से कर अपनी प्रतिबद्धता का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

# निवास-बरका में रेत का परिवहन करते तीन ट्रैक्टर जब्त

## एसपी के निर्देश पर चौकी प्रभारियों की टूटी नींद

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 29 जून। जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध पुलिस का अभियान लगातार जारी है। थाना सरई अंतर्गत निवास एवं बरका चौकी पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए तीन अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त किए हैं। पुलिस ने कुल 10.60 लाख मूल्य की संपत्ति जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।**

चौकी निवास पुलिस ने ग्राम हर्दी स्थित गोपद नदी से अवैध रेत परिवहन की सूचना पर घेराबंदी कर बिना नंबर के दो लाल रंग के महिन्द्रा ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ लिए। दोनों वाहनों में अवैध रूप से रेत लोड थी। पुलिस ने करीब 5.55 लाख मूल्य के ट्रैक्टर-ट्रॉली एवं रेत जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2), 317(5) एवं 4/21 खनिज अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया। वहीं बरका चौकी पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर बिना नंबर के स्वराज 735 एफई ट्रैक्टर को अवैध रेत परिवहन करते हुए पकड़ा। चालक की पहचान राजू यादव निवासी सरईटोला के रूप में हुई।

पुलिस ने लगभग 5.05 लाख मूल्य का ट्रैक्टर एवं रेत जप्त कर वैधानिक कार्रवाई की। उक्त कार्रवाई में सउनि त्रिवेणी पाल, आर ज्ञान सिंह, सतेंद्र पाण्डेय, रविराज सिंह तथा थाना प्रभारी राकेश साहू, प्रआर माधव प्रताप सिंह, आर मनीष ठाकुर एवं जुझार मीणा की सराहनीय भूमिका रही।

# नशे की हालत में पहुंचे अधिवक्ता का कलेक्टोरेट में हाईवोल्टेज ड्रामा

## एसडीएम के कक्ष तक बुलेट से पहुंचे, करीब 15 मिनट तक चला हंगामा



**नवभारत न्यूज**

**सीधी, 29 जून. जिला कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कथित रूप से नशे की हालत में एक अधिवक्ता अपनी बुलेट मोटरसाइकिल लेकर सीधे एसडीएम कार्यालय के बरामदे से होते हुए कक्ष तक पहुंच गया।**

इस अप्रत्याशित घटना से कलेक्ट्रेट भवन में मौजूद अधिकारी, कर्मचारी और आम नागरिक हैरान रह गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार अधिवक्ता करीब 15 मिनट तक कलेक्ट्रेट परिसर में हंगामा करता रहा। इस दौरान मौके पर मौजूद प्रशासनिक अमला स्थिति को नियंत्रित करने में सक्रिय नजर नहीं आया और अधिकांश लोग तमाशबीन बने रहे। इसी बीच पटवारी रवि शंकर शुक्ला ने तत्परता दिखाते हुए बुलेट मोटरसाइकिल को एसडीएम कार्यालय के बरामदे से बाहर निकलवाया, जिसके बाद स्थिति सामान्य हो सकी। बताया जा रहा है कि घटना के समय एसडीएम सुश्री प्रिया पाठक अपने कक्ष में मौजूद नहीं थीं। यदि उस समय कार्यालय में अधिकारी अथवा अन्य कर्मचारी मौजूद होते, तो किसी अप्रिय स्थिति से इनकार नहीं किया जा सकता था। घटना ने कलेक्ट्रेट जैसे संवेदनशील सरकारी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खुलेआम एक व्यक्ति का बाइक सहित कार्यालय के भीतर पहुंच जाना सुरक्षा प्रबंधन की बड़ी चूक माना जा रहा है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है और जिम्मेदारों की जवाबदेही तय होती है या नहीं।

### अधिवक्ता का कृत्य अशोभनीय : प्रिया

इस संबंध में एसडीएम सुश्री प्रिया पाठक ने कहा कि कलेक्ट्रेट भवन के भीतर मेरे कोर्ट तक अधिवक्ता जितेन्द्र मिश्रा द्वारा अपनी बाइक लेकर आना अशोभनीय कृत्य है, उस समय मैं अपने न्यायालय में उपस्थिति नहीं थी लेकिन मुझे जैसे ही जानकारी मिली तत्काल कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई, कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच कर अधिवक्ता को अपने साथ ले गई है। उक्त अधिवक्ता के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की जा रही है। रही बात लिपिक की तो अभी उनका केश नहीं था, उनकी पेशी अगले माह है।

### राजस्व न्यायालय में अंधेरगर्दी.: बृजेंद्र सिंह

अधिवक्ता संघ अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह ने कहा कि राजस्व न्यायालय में दायर मामलों को लेकर आए दिन अधिवक्ताओं को समस्याओं से जूझना पड़ता है, अब रही बात उक्त अधिवक्ता की तो उन्होंने जो किया वह बिल्कुल सही नहीं है लेकिन उन्होंने ऐसा क्या किया इसकी भी जानकारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालय के विभिन्न स्थानों पर 10 वर्षों से लिपिक जमे हुए हैं, इनके लिए कोई नियम लागू नहीं है। जब तक यह व्यवस्था नहीं बदलेगी तब तक इस तरह की घटनाएं होती रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि कलेक्ट्रेट भवन में आवारा पशुओं और कुत्तों का डेरा हैं, ऐसे में बाइक लेकर जाना बहुत बड़ी बात नहीं है।

### इनका कहना है

सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति द्वारा शराब के नशे में अपनी बाइक लेकर कलेक्ट्रेट भवन में भीतर घुस आया है और उसके द्वारा अशोभनीय भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उक्त व्यक्ति अपने साथ लेकर कोतवाली आ गई है। उसका मेडिकल कराया जा रहा है, मेडिकल उपरांत आगे की कार्यवाही की जाएगी।

**विवेक द्विवेदी,**
थाना प्रभारी कोतवाली।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99